प्राधिकरण को जनहित में हर मदद देंगे : चौधरी

पटना | **हिन्दुस्तान ब्यूरो**

विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी से उनके कक्ष में बिहार भू-संपदा विनियमन प्राधिकरण के अध्यक्ष अफजल अमानुल्लाह ने सदस्यों सुबोध कुमार सिन्हा और राजीव कुमार भूषण के साथ गुरुवार को शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री चौधरी को प्राधिकरण की ओर से भू-संपदा विनियमन और विकास अधिनियम 2016 के प्रावधानों, नियमों, अधिसूचनाओं और अन्य तथ्यों की एक पुस्तिका भेंट की गई।

श्री चौधरी ने कहा कि प्राधिकरण को जनहित में हरसंभव मदद देंगे। प्राधिकरण के अध्यक्ष ने उन्हें बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत पर नियंत्रण और बिल्डरों और डेवलपरों द्वारा की जा रही मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए यह अधिनियम बनाया गया है। इसके प्रावधानों को सही रूप से लागू करने को लेकर निगरानी और नियंत्रण रखने के लिए प्राधिकरण का गठन किया गया है। उधर, राज्यपाल सत्यपाल मलिक से भी गुरुवार को अफजल अमानुल्लाह ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल को उन्होंने प्राधिकरण के स्वरूप, कार्यक्षेत्र एवं उसकी भावी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुलाकात के दौरान प्राधिकरण के अन्य सदस्य सुबोध कुमार सिन्हा और आरबी सिन्हा भी मौजूद थे।

विधानसभा अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी को भू-संपदा विनियमन और विकास अधिनियम 2016 के प्रावधानों व अन्य तथ्यों की पुस्तिका भेंट करते भू-संपदा विनियमन प्राधिकरण के के अध्यक्ष अफजल अमानुल्लाह।

Hindi Hindustan - 20.4.2018